दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शुक्रवार 04 अक्टूबर 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-07, अंक- 09

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, जेलों में जाति के आधार पर काम देना अनुचित, यह अनुच्छेद 15 का उल्लंघन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** जेलों में जाति-आधारित भेदभाव को रोकने की मांग करने वाली जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अपना फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने कहा कि जेल मैनुअल निचली जाति को सफाई और झाड़ू लगाने का काम और उच्च जाति को खाना पकाने का काम देकर सीधे भेदभाव करता है। अदालत ने कहा कि यह अनुच्छेद 15 का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि इस तरह की प्रथाओं से जेलों में श्रम का अनुचित विभाजन होता है। जाति के आधार पर काम के बंटवारे की अनुमति नहीं दी जा सकती।

### जालंधर में बच्ची का कत्ल कर नहर में फेंकी लाश, जांच कर रही पुलिस

**जालंधर (आरएनएस)।** शहर में उस समय हडक़ंप मच गया जब बस्ती बावा खेल नहर में लोगों ने बच्ची का शव देखा। जिसके बाद पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। जानकारी के अनुसार दो साल की बच्ची की हत्या करके उसके शव को नहर में फेक दिया गया। वहां से गुजर रहे लोगों ने नहर में बच्ची का शव तैरता देखा। नहर में बच्ची को कपड़े में लपेटकर फेंका गया था। मामला हत्या का लग रहा है। फिलहाल पुलिस मौके पर पहुंच चुकी है और मामले की जांच की जा रही है।

### दिल्ली में डॉक्टर की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के जैतपुर में कालिंदी कुंज इलाके में एक निजी नर्सिंग होम में गुरुवार को एक डॉक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान डॉ. जावेद अख्तर (55) के रूप में हुई है। वह नीमा अस्पताल में यूनानी डॉक्टर थे। पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद जिला अपराध टीम और एफएसएल रोहिणी टीम घटनास्थल पर पहुंची। अस्पताल के कर्मचारियों ने पुलिस को बताया कि दो नाबालिग चिकित्सा केंद्र (मेडिकल फैसिलिटी) में आये और रात एक बजे ड्रेसिंग बदलने की मांग की। इन दोनों में से एक का एक दिन पहले पैर की चोट का इलाज हुआ था। कर्मचारियों ने बताया कि बाद में नाबालिगों ने कहा कि उन्हें दवा की पर्ची चाहिए और वे डॉ. जावेद अख्तर के केबिन में गए, जिसके बाद गोली चलने की आवाज आई। जब वे डॉक्टर के केबिन में पहुंचे तो उन्हें मृत पाया। नीमा अस्पताल के कंपाउंडर आबिद ने बताया कि डॉ. अख्तर के सिर में गोली लगी थी। पुलिस ने कहा कि यह लक्षित हत्या का मामला हो सकता है। संदिग्धों की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान शुरू कर दिया गया है।

### बहराइच : सुजौली इलाके के अयोध्या पुरवा में पकड़ा गया तेंदुआ

बहराइच ,03 अक्टूबर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बहराइच में भेड़िए के आतंक से लोगों ने अभी चैन की सांस ली ही थी कि तेंदुए ने लोगों की नींद उड़ा दी। तेंदुए की दहशत के कारण ग्रामीणों की नींद गायब हो गई। इसी बीच, बुधवार को देर रात वन विभाग की टीम ने एक खूंखार तेंदुए को सफलतापूर्वक पिंजरे में कैद कर लिया, जिससे लोगों ने राहत की सांस ली। वन विभाग अब इस तेंदुए को ट्रान्स गेरूवा के जंगलों में छोडऩे की योजना बना रहा है। यह तेंदुआ एक वृद्ध महिला और एक किशोरी पर जानलेवा हमला कर चुका था, जिसके कारण इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ था।

# नवरात्रि के पहले दिन भारत की भूमि से शुरू हुए कैलाश पर्वत के पवित्र दर्शन : साथ में आदि कैलाश एवं ऊँ पर्वत के भी होंगे दर्शन

- यात्रियों के 5 सदस्यीय दल ने पिथौरागढ़ की 18 हजार फीट ऊंची लिपुलेख पहाडिय़ों से किए दर्शन
- श्रद्धालुओं को अब चीन के कब्जे वाले तिब्बत जाने की जरूरत नहीं, धामी सरकार ने बनाया यात्रा का 5 दिवसीय टूर पैकेज

**देहरादून । आरएनएस**



भारत की भूमि से ही पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन करने का शिव भक्तों का सपना आज पूरा हो गया है। नवरात्रि के पहले दिन यात्रियों के पांच सदस्यीय दल ने पिथौरागढ़ जिले में स्थित ओल्ड लिपुलेख से माउण्ट कैलाश के दर्शन किए। कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन से श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। केंद्र सरकार से हरी झंडी मिलने के बाद श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली उत्तराखण्ड सरकार ने यात्रा के सफल संचालन के लिए कमर कस ली थी। कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने इसके लिए बाकायदा एक टूर पैकेज घोषित किया है।

उत्तराखण्ड विकास परिषद की पहल पर कुमाऊं मण्डल विकास निगम ने माउंट कैलाश के दर्शन के लिए 5 दिवसीय टूर पैकेज बनाया है। इस पैकेज में भगवान शिव के दो अन्य धाम आदि कैलाश एवं ऊँ पर्वत के दर्शन भी सम्मिलित हैं। पैकेज के तहत यात्रियों के पहले 5 सदस्यीय ग्रुप ने आज गुरुवार को माउंट कैलाश के दर्शन किए। यात्रियों के ग्रुप को बीते बुधवार को हैलीकॉप्टर के माध्यम से पिथौरागढ़ के गूंजी नामक स्थान पर पहुँचाया गया। आज गुरुवार को सभी यात्रियों को सडक़ मार्ग द्वारा ओल्ड लिपुलेख से ? पर्वत और माउण्ट कैलाश के दर्शन कराये गये। कल इन सभी यात्रियों को जौलिकाँग से आदि कैलाश के दर्शन करवाकर गूंजी में रात्रि विश्राम करवाया जायेगा। इसके बाद 5 अक्टूबर को सभी यात्रियों को हैलीकॉप्टर के माध्यम से वापस पिथौरागढ़ वापस पहुँचाया जायेगा।

इस यात्रा दर्शन कार्यक्रम में श्री नीरज मनोहर लाल चौक से, सुश्री मोहिनी नीरज चौक से, श्री अमनदीप कुमार जिंदल, श्री केवल कृष्ण, श्री नरेन्द्र कुमार सम्मिलित हैं। इस यात्रा दर्शन को आये श्रद्धालु श्री चौकसे ने बताया कि भगवान शिव के इन पवित्र धामों के दर्शन कर उनको बेहद सुख की अनुभूति हुई है। माउंट कैलाश, आदि कैलाश एवं ऊँ पर्वत के अलौकिक सौंदर्य के दर्शन ने उनको मंत्रमुग्ध कर दिया है। वहीं अन्य श्रद्धालु श्री जिन्दल ने बताया कि भगवान शिव के इन धामों के दर्शन कर उनको मानो स्वर्ग की प्राप्ति हो चुकी है। प्रकृति के इस विहंगम दृश्य को देखते ही मन को अलग ही सुख की प्राप्ति हो रही है। उन्होंने इस यात्रा को संचालित करने के लिए सरकार के प्रति आभार प्रकट किया है।

**पहले यात्रा के लिए पार करना पड़ता था चीन बार्डर**

कोरोना काल से पहले तक केन्द्र सरकार कुमाऊं मंडल विकास निगम के माध्यम से कैलाश मानसरोवर यात्रा कराती थी। तब शिव भक्त लिपुपास से पैदल यात्रा कर चीन बार्डर पार कर कैलाश मानसरोवर के दर्शन करते थे। कोरोना काल के बाद से यह यात्रा बंद पड़ी हुई है। वहीं दूसरी ओर भारत चीन विवाद के कारण अभी तक चीन सरकार ने भारत सरकार को कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए अपनी सहमति नहीं दी है। लंबे समय से शिव भक्त कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने को आतुर थे। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने भारत की भूमि से ही श्रद्धालुओं को पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शन कराने का फैसला लिया।

**ग्रामीणों ने खोजा व्यू प्वाइंट**

पिथौरागढ़ जिले में स्थित स्थानीय ग्रामीणों ने 18 हजार फीट ऊंची लिपुलेख पहाडिय़ों पर एक ऐसा व्यू प्वाइंट खोजा जहां से कैलाश पर्वत साफ दिखाई देता है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची अफसरों और विशेषज्ञों की टीम ने रोड मैप, लोगों के ठहरने की व्यवस्था, दर्शन के पॉइंट तक जाने का रूट सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए सर्वे किया। फिर, केन्द्र सरकार की ओर से हरी झंडी मिलने के बाद शासन ने 15 सितंबर से ओल्ड लिपुपास को श्रद्धालुओं के लिए खोलने का फैसला लिया।

*भारत की भूमि से ही शिव भक्तों को कैलाश पर्वत के दर्शन् होना बहुत ही सुखद है। मैं इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी का आभार प्रकट करता हूं। हमारी सरकार सीमान्त गांवों में पर्यटन को बढ़ावा देकर स्थानीय निवासियों के पलायन की समस्या को रोकने की दिशा में कार्य कर रही है। भविष्य में इस यात्रा को और भी अधिक सुगम बनाने के लिए सुविधाओं को विकसित किया जाएगा।*

***पुष्कर सिंह धामी,***

# राम मंदिर के शिखर का निर्माण कार्य शुरू

- अगले चार माह में पूरा होने की उम्मीद
- शिखर की प्रथम शिला का किया गया पूजन और प्रस्थापन

**अयोध्या । आरएनएस**



शारदीय नवरात्र के प्रथम दिवस पर श्री राम जन्मभूमि मंदिर के शिखर की प्रथम शिला का पूजन और प्रस्थापन किया गया। मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि 161 फुट ऊंचे राम मंदिर के शिखर का निर्माण अगले चार महीने में पूरा होने की उम्मीद है। मिश्र ने एक बयान में कहा कि मंदिर के शिखर के निर्माण की शुरुआत के साथ ही परिसर में सात ऋषियों को समर्पित सात मंदिरों के निर्माण में भी तेजी आई है और इनके भी अगले चार महीने में बनकर तैयार हो जाने की सम्भावना है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के निर्माण में तेजी लाने के लिए गुरूवार से तीन दिवसीय समीक्षा बैठक की योजना बनाई गई है जिसमें मजदूरों की कमी होने पर उनकी संख्या बढ़ाने के तरीकों और जरूरत पडऩे पर तकनीकी टीम को विस्तार देने के तरीकों पर चर्चा की जाएगी।

बताते चलें कि अयोध्या में राम मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को की गयी थी। नवंबर 2019 में उच्चतम न्यायालय की पांच न्यायाधीशों की पीठ ने अयोध्या की विवादित जमीन को राम जन्मभूमि मंदिर बनाने के लिए एक ट्रस्ट को सौंपने का आदेश दिया था। वहीं, शीर्ष अदालत ने सरकार को सुन्नी वक्फ बोर्ड को मस्जिद बनाने के लिए किसी अन्य स्थान पर पांच एकड़ जमीन देने का भी निर्देश दिया था।

# 5 हजार करोड़ के इंटरनेशनल ड्रग्स केस में बड़ा खुलासा, मास्टरमाइंड के तार कांग्रेस से जुड़े

**नई दिल्ली । आरएनएस**



दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने 5 हजार करोड़ रुपए के इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट में चौंकाने वाला खुलासा किया। इस खुलासे ने राजनीतिक हलकों में हलचल मचा दी है।

मास्टरमाइंड तुषार गोयल का नाम सामने आया है, जो 2022 तक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के आरटीआई सेल का चेयरमैन रह चुका है। गोयल की कांग्रेस से जुड़ी पृष्ठभूमि और ड्रग्स सिंडिकेट से जुड़े तार ने इस मामले को और भी संवेदनशील बना दिया है।

स्पेशल सेल की पूछताछ में तुषार गोयल ने यह खुलासा किया कि वह कांग्रेस के आरटीआई सेल का प्रमुख था, और उसने अपनी सोशल मीडिया प्रोफाइल पर आरटीआई सेल चेयरमैन, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस लिखा हुआ है। इसके अलावा, गोयल ने डिग्गी गोयल के नाम से भी एक प्रोफाइल बनाई हुई है। जांच के दौरान, कई कांग्रेस नेताओं के साथ गोयल के फोटो भी सामने आए हैं।

इस ड्रग्स सिंडिकेट के तार दुबई से जुड़े हुए पाए गए हैं। स्पेशल सेल की जांच में एक बड़े दुबई कारोबारी का नाम सामने आया है, जो कोकीन का प्रमुख सप्लायर है। यह जानकारी सामने आई है कि दुबई की 'डी' कंपनी ड्रग्स की खरीद-फरोख्त के लिए एक सेफ जोन के रूप में जानी जाती है और एजेंसियों को इस संबंध में पुख्ता जानकारी थी। इस मामले में मुंबई कनेक्शन भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि बड़ी मात्रा में कोकीन की खेप मुंबई भेजी जा रही थी।

स्पेशल सेल की टीम अब इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि मुंबई में ड्रग्स यूजर्स कौन थे। इसे किन हाई-प्रोफाइल लोगों को सप्लाई किया जाना था। स्पेशल सेल इस इंटरनेशनल ड्रग्स सिंडिकेट की जड़ तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

बता दें कि बुधवार को दिल्ली पुलिस ने ड्रग्स की अब तक की बड़ी खेप पकड़ी। अधिकारियों के अनुसार, 560 किलोग्राम से अधिक कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना जब्त किया गया। जब्त किए गए ड्रग्स की अनुमानित कीमत लगभग 5,620 करोड़ रुपए है। स्पेशल सेल टीम ने महिपालपुर से चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। गोयल इस अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स गिरोह का प्रमुख वितरक बताया जा रहा है। 1 अक्टूबर को महिपालपुर में एक गोदाम के बाहर सबको गिरफ्तार किया गया, जहां 22 कार्टन में 547 किलोग्राम कोकीन और 40 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक मारिजुआना मिला।

# ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े 2.85 करोड़ की लूट के छह आरोपी गिरफ्तार

**बलरामपुर । आरएनएस**

रामानुजगंज स्थित ज्वेलरी शॉप में दिनदहाड़े लूट को अंजाम देने वाले पांच आरोपियों को पकडऩे में पुलिस ने कामयाबी पाई है. मामले में दो आरोपी फरार हैं, जिनकी पतासाजी में पुलिस जुटी हुई है. मामले में मुख्य आरोपियों की बिहार और झारखंड की पुलिस को भी तलाश थी. बलरामपुर-रामानुजगंज पुलिस की सफलता पर पुलिस महानिदेशक ने बधाई देते हुए ईनाम की घोषणा की है।

ज्ञात हो कि 11 सितंबर को दोपहर हथियारबंद अज्ञात आरोपियों के रामानुजगंज के राजेश ज्वेलर्स में घुसकर संचालक राजेश सोनी पर हमला कर लगभग 2 करोड़ 85 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवरात नगदी 7 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए थे. राजेश सोनी की रिपोर्ट पर रामानुजगंज थाना में धारा 309 (6) बीएनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तत्कालीन बलरामपुर पुलिस अधीक्षक राजेश अग्रवाल ने घटना के तत्काल बाद आरोपियों की धर-पकड़ के लिए एएसपी बलरामपुर शैलेन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में पुलिस टीम का गठन कर झारखंड, बिहार भेज कर पतासाजी की जा रही थी. राजेश अग्रवाल के स्थानांतरण के बाद नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर ने लूट की घटना के सभी बिन्दुओं का विस्तृत अध्ययन-अवलोकन कर नए सिरे से टीमों का गठन कर झारखंड, बिहार, दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब के लिए रवाना किया।

पुलिस टीम की मेहनत और साइबर सेल सहयोग के जरिए दिल्ली से मुख्य अरोपी मोनू सोनी उर्फ राज सोनी उर्फ बुकी (24 वर्ष) और उसका भाई घटना का मास्टर मांइड सोनू सोनी और उसके मामा अरविन्द सोनी को और चोरी के जेवरात रखने वाली सोनू की गर्लफैण्ड अंजनी एक्का को मोहाली से पुलिस ने हिरासत में लिया. इनके साथ आरोपियों की निशानदेही पर दो मुख्य अरोपी राहुल मेहता (22 वर्ष) और विक्की सिंह (24 वर्ष) को औरंगाबाद से पुलिस ने हिरासत में लिया. मामले में फरार दो अन्य अरोपियों की पतासाजी में पुलिस जुटी है।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि मोनू सोनी उर्फ बुकी एवं उसके साथियों ने प्लान के मुताबिक घटना को अंजाम दिया. लूट को अंजाम देने के बाद सभी पाचों आरोपी अलग-अलग रास्ते से झारखंड के बरवाडीह रेलवे स्टेशन पहुंचे, जहां प्लान के मुताबिक घटना का मास्टर प्लानर सोनू सोनी एवं डबलू गुप्ता बोलेरो वाहन लेकर खड़े थे, जहां लूट की गई सम्पत्तियों का आपस में बंटवारा कर आरोपी राहुल मेहता व राधेश्याम पासवान पटना चले गए, वहीं सोनू और मोनू सोनी अपने मामा अरविन्द सोनी से मिले।

सोनू और मोनू ने कुछ जेवर को अरबिन्द सोनी के घर पर गला दिया तथा सोने को छुपाने के लिए मोनू के घर चैनपुर में जमीन में गाड़ दिया गया. इसी प्रकार आरोपी राहुल अपने हिस्से के जेवरात को अपने गांव महाबीरगंज में नदी के पास छिपा दिया था, वहीं विक्की सिंह ने अपने हिस्से के जेवर को घर में टीनसेड के नीचे छुपा दिया था. वहीं सोनू ने कुछ जेवर को अपने मामा अरविन्द सोनी के माध्यम से बेच कर मिली 5 लाख 80 हजार रुपए को अपनी गर्लफैण्ड अंजनी एक्का के एकाउंट में जमा कराया गया था।

प्रकरण में लूट की गई सम्पत्तियां आरोपियों से बरामद की गई, जिसमें 3.354 किलोग्राम सोना, 07 किलो 280 ग्राम चाँदी, दो बैंक एकाउंट से 5 लाख 40 हजार रुपए, एक बोलेरो, दो अपाचे बाइक, दो पिस्टल समेत कुल 2 करोड़, 40 लाख रुपए की सामग्री जब्त की गई।

मुख्य आरोपी सोनू सोनी एवं मोनू सोनी के विरुद्ध बिहार, झारखंड के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लूट, डकैती, हत्या एवं हत्या का प्रयास जैसे कई गंभीर अपराध दर्ज हैं, जो काफी दिनों से फरार चल रहे थे.

# हरियाणा में कांग्रेस की रैली में बड़ा हादसा, मंत्री का भाषण सुनने आगे जा रहे युवक को लगा करंट, हुई मौत

**रोहतक । आरएनएस**



हरियाणा के रोहतक में कांग्रेस की रैली में उस समय अफरातफरी मच गई जब अचानक मच के पास करंट आ गया। जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई।

दरअसल, रोहतक से कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा नारनौंद विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी जस्सी पेटवाड़ के लिए प्रचार करने गए थे। इस दौरान करंट लगने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक युवक की पहचान 26 वर्षीय वीरभान के रूप में हुई है। वीरभान मंच से संबोधन दे रहे नेताओं को नजदीक सुनने के लिए मंच के नजदीक जा रहा था। उसी दौरान उसने जैसे ही अपना पांव वहां पर पड़े पाइपों पर रखा तो उसे बिजली का करंट लगा और वह इस समय वहां पर अचेत अवस्था में जमीन पर गिर गया। लोगों ने युवक को तुरंत नारनौंद के नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक युवक की पहचान 26 वर्षीय वीरभान के रूप में हुई है। वीरभान मंच के दाईं ओर खड़ा था। तभी रैली स्थल के किनारे पड़े पाइपों में किसी तार से करंट प्रवाहित हो गया।

# बिहार के मंत्री बृज बिहारी मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट का फैसला, 2 आरोपियों को उम्रकैद, पूर्व सांसद समेत 6 बरी

**नई दिल्ली । आरएनएस**

सुप्रीम कोर्ट ने आज 1998 में बिहार के मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या के मामले में पूर्व सांसद सूरज भान सिंह को बरी कर दिया जबकि 2 आरोपियों को दोषी ठहराया है। दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। इससे पहले पटना हाईकोर्ट ने सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया था।

सुप्रीम कोर्ट ने दोषी मुन्ना शुक्ला और मंटू तिवारी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने अपने फैसले में दोनों को 15 दिन के भीतर सरेंडर करने को कहा है। साथ ही पूर्व सांसद सूरज भान सिंह, राजन तिवारी सहित 6 लोगों को बरी करने का फैसला सुनाया है।

बिहार के विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी मंत्री बृज बिहारी प्रसाद हत्याकांड मामले में पटना हाई कोर्ट ने साल 2014 में सबूतों के अभाव में सभी आठ आरोपियों को बरी कर दिया था।हाईकोर्ट ने अपने फैसले में जनता दल यूनाइडेट के नेता और पूर्व विधायक विजय कुमार शुक्ला, पूर्व सांसद सूरज भान, पूर्व विधायक राजन तिवारी समेत आठ लोगों को इस मामले में बरी किया था।

आरोपियों को बरी करने के फैसले को मंत्री की पत्नी रमा देवी और सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इन लोगों की अपील पर 22 अगस्त को सुनवाई पूरी की थी और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। निचली अदालत ने लंबी सुनवाई के बाद आठ आरोपियों को साल 2009 में आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। लेकिन मामला जब हाई कोर्ट पहुंचा तो वहां पर आरोपियों को बरी कर दिया गया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने आज अपने फैसले में छह आरोपियों को बरी करते हुए दो को दोषी माना और उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुना दी।

बता दें 13 जून 1998 को बिहार के तत्कालीन विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री बृज बिहारी प्रसाद की हत्या कर दी गई थी। राजधानी पटना के इंदिरा गांधी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में कड़ी सुरक्षा के बीच यूपी के माफिया डॉन श्रीप्रकाश शुक्ला ने एके-47 से ताबड़तोड़ गोलियां बरसा कर उन्हें मार दिया था।

# शारदीय नवरात्रि पर दुल्हन की तरह सजा मां वैष्णो का दरबार, सुविधा का रखा जा रहा विशेष ध्यान

**कटरा । आरएनएस**



शारदीय नवरात्रों की प्रतिपदा को जम्मू के कटरा स्थित मां वैष्णो देवी का भवन दुल्हन की तरह सज गया है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी की आराधना को जुटे हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा का खास ख्याल रखा गया है। वहीं, मां वैष्णो देवी भवन परिसर में विशाल शत चंडी महायज्ञ का आयोजन भी किया गया है।

माता के भवन परिसर में जगह-जगह बने विशाल पंडाल, स्वागत द्वार और देवी-देवताओं की मूर्तियां श्रद्धालुओं को अपनी ओर खींच रही हैं। देसी और विदेशी फलों-फूलों की महक से वातावरण महक रहा है। मां वैष्णो देवी के दिव्य दर्शन पाने के लिए भक्तों की संख्या बढ़ती जा रही है। बुधवार दोपहर तक लगभग 25,500 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करवा लिया था और वे मां के दर्शन के लिए रवाना हो चुके थे। श्रद्धालुओं को बिना किसी देरी के आरएफआईडी यात्रा कार्ड उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे उन्हें यात्रा में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं हो रही है।

कटरा में श्रद्धालुओं के लिए आरएफआईडी यात्रा कार्ड प्राप्त करने के लिए कई पंजीकरण केंद्र खोले गए हैं, जिनमें रेलवे स्टेशन, मुख्य बस अड्डा, हेलीपैड और अन्य स्थान शामिल हैं। बिना आरएफआईडी कार्ड के किसी को भी वैष्णो देवी की यात्रा की अनुमति नहीं है। सभी प्रवेश द्वारों पर पुलिस और श्राइन बोर्ड के अधिकारी मौजूद हैं, जो कार्ड की जांच के बाद श्रद्धालुओं को आगे बढऩे की अनुमति दे रहे हैं। नए लाल और पीले रंग के आरएफआईडी कार्ड जारी किए गए हैं, जबकि पुराने कार्ड अब मान्य नहीं होंगे। ऑनलाइन यात्रा पर्ची लेकर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कटरा रेलवे स्टेशन पर सेल्फ रजिस्ट्रेशन एटीएम स्थापित किया गया है, जिससे वे बिना कतार में लगे यात्रा कार्ड प्राप्त कर सकते हैं।

अर्ध कुवारी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए आधुनिक लंगर की व्यवस्था की गई है, जहां उन्हें शुद्ध घी की खिचड़ी और अन्य पौष्टिक भोजन दिया जा रहा है। पानी की व्यवस्था के लिए आरोग्य युक्त जल केंद्र भी स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा, मां वैष्णो देवी भवन परिसर में विशाल शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें 51 पंडितों द्वारा पूजा-अर्चना की जाएगी। यह यज्ञ देश और विश्व की सुख-शांति के लिए आयोजित किया जा रहा है।

सुरक्षा के कड़े प्रबंध भी किए गए हैं। कटरा में चप्पे-चप्पे पर पुलिस और सीआरपीएफ के जवान तैनात हैं। लगभग 400 सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से भी सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए 6 सेक्टर बनाए गए हैं, जिनमें विभिन्न प्रमुख स्थानों पर अधिकारी तैनात रहेंगे। विशेष सुविधाओं की अग्रिम बुकिंग पूरी तरह से फुल हो चुकी है, जिसमें हेलीकॉप्टर सेवा, बैटरी कार सेवा, और रोपवे शामिल हैं। श्रद्धालुओं को अटका आरती में शामिल होने का भी अवसर मिलेगा, जहां देश के नामी गायक भजन प्रस्तुत करेंगे।